प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 22.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने पच्चीस अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया।

2– यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के अंतिम परिणाम घोषित किए–बिलासपुर की पूर्वा अग्रवाल ने हासिल किया पैसठवां रैंक।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन लाख रूपये का इनामी माओवादी मारा गया।

4– मुंबई में कल से आयोजित होने वाले वस्त्र और इस्पात उद्योग के दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>स्कूल–ग्रीष्मकालीन अवकाश</u>**

प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने पच्चीस अप्रैल से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक इस दौरान शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त और अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। यह आदेश शिक्षकों पर लागू नहीं होगा।

इससे पहले, विभाग ने एक मई से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया था।

**<u>केंद्र–हीटवेव सलाह</u>**

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अत्यधिक हीटवेव की परिस्थितियों से श्रमिकों और मजदूरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। नई दिल्ली में संवाददताओं से बात करते हुए केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आदेश देने के लिए कहा गया है कि वे नियोक्ताओं, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को श्रमिकों के लिए प्रभावी हीटवेव निवारक उपाय लागू करने के लिए निर्देशित करें।

**<u>मौसम</u>**

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के ग्यारह जिलों के लिए गर्मी का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने इन जिलों में लू चलने की चेतावनी दी है।

**<u>पृथ्वी दिवस</u>**

आज पृथ्वी दिवस है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है– **"हमारी शक्ति, हमारा ग्रह"**।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा आज से नवा रायपुर में दो दिवसीय सागरिया मेमोरियल राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास एवं योजना अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि आठ सत्रों में आयोजित इस संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के साथ ही देश के आठ राज्यों के वन अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पृथ्वी दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए लोगों से धरती के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए जन–सहभागिता की अपील की है।

**<u>वन्यप्राणी–नंदनवन / जंगल सफारी</u>**

रायपुर के नंदनवन जू और नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी के लिए दो प्लेन जेब्रा, चार मीरकैट, छह माउस डियर और एक हॉग डियर समेत तेरह वन्यप्राणियों को लाया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव–योजना और इकोटूरिज्म प्रेम कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि ये सभी वन्यप्राणी सुरक्षित पहुंच गए हैं।

**<u>यूपीएससी–परिणाम</u>**

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। आयोग ने नियुक्ति के लिए एक हजार नौ उम्मीदवारों की सिफारिश की है, जिनमें सात सौ पच्चीस पुरुष और दो सौ चौरासी महिलाएं हैं। प्रयागराज की शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है।

इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की पूर्वा अग्रवाल ने पैसठवां रैंक हासिल किया है।

सिविल सेवा परीक्षा में मुंगेली जिले के अर्पण चोपड़ा ने तीन सौ तेरहवां और जगदलपुर की मानसी जैन ने चार सौ चवालीसवां रैंक हासिल किया है।

गौरतलब है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा की लिखित परीक्षा पिछले साल सितंबर में आयोजित की गई थी, जिसके बाद इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच साक्षात्कार हुए थे।

**<u>पोप फ्रांसिस निधन–राजकीय शोक</u>**

केन्द्र सरकार ने इसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल निधन हो गया। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा, जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देशभर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

**<u>माओवादी मुठभेड़</u>**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया है। इस माओवादी की पहचान मिलिशिया प्लाटून कमांडर वेल्ला वाचम के रूप में हुई है। इस पर अम्बेली ब्लास्ट की घटना में शामिल रहने का आरोप था। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बेदरे थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरपे और तोड़समपारा के जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की टीम बीती शाम गश्त पर निकली थी। इस दौरान पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक माओवादी मारा गया। घटनास्थल से तीन सौ पंद्रह बोर की एक बंदूक, विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

## मुंबई–वस्त्र और इस्पात उद्योग कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में कल तेईस अप्रैल से आयोजित होने जा रहे वस्त्र और इस्पात उद्योग के दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। पहले दिन मुख्यमंत्री श्री साय क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया–सीएमएआई द्वारा आयोजित फैब शो में भाग लेंगे। वहीं, दूसरे दिन चौबीस अप्रैल को इंडिया स्टील के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात उद्योग के लिए विकसित अधोसंरचना, नवाचार, और दीर्घकालिक योजनाओं की जानकारी देंगे। इसी दिन छत्तीसगढ़ राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री संभावित निवेशकों के साथ सीधी बातचीत करेंगे।

## मुख्यमंत्री–समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने समय–सीमा में सड़कों, पुल–पुलियों और भवनों का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज तथा सुरक्षित यातायात पर भी जोर दिया। श्री साय ने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के चिन्हांकन और मरम्मत के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री/केंद्रीय गृह मंत्री–समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ में तीन नये आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की गई। वहीं, माओवाद उन्मूलन, बस्तर का समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा तथा न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर बातचीत हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## रामविचार नेताम–केंद्रीय मंत्री मुलाकात

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस दौरान श्री नेताम और डॉक्टर मांडविया के बीच छत्तीसगढ़ के विकास के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई।

## कांग्रेस–बैठक

कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज रायपुर स्थित राजीव भवन में हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत सहित सभी सचिव और राज्यसभा सांसद शामिल हुए। बैठक में पच्चीस अप्रैल से चालीस दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत विभिन्न चरणों में पार्टी की ओर से रैली और सभाएं आयोजित की जाएंगी।

इससे पहले, रायपुर पहुंची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ ही कांग्रेस पार्टी की आगामी रणनीतियों के बारे में बताया।

**भाजपा–गोष्ठी**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा कल तेईस अप्रैल को रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और युवा मामले तथा खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

– मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना के लिए कल तेईस अप्रैल से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इच्छुक युवा ग्यारह मई तक आवेदन कर सकते हैं।

– रायपुर जिले के मंदिर हसौद स्थित ऑयल डिपो से पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पेट्रोल–डीजल सहित इक्कीस लाख रुपए से अधिक का सामान बरामद किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>